राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2390

02 जनवरी, 2019 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के इस्पात संयंत्रों का विस्तार

2390. सुश्री सरोज पाण्डेयः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के इस्पात संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए उनका विस्तार किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह कार्य पूर्ण हो गया है तथा इससे इन इस्पात संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में पूर्व की अपेक्षा कितनी वृद्धि दर्ज की गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो यह कार्य कब तक पूर्ण करने की योजना है तथा इसके पूर्ण होने पर देश में इस्पात के उत्पादन में कितनी वृद्धि होने की संभावना है, तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) से (ग): सेल ने अपनी क्रूड इस्पात क्षमता को 12.8 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) से 21.4 एमटीपीए तक बढ़ाने के लिए भिलाई (छत्तीसगढ़), बोकारो (झारखंड), राउरकेला (ओडिशा), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) और बर्नपुर (पश्चिम बंगाल) स्थित अपने 5 एकीकृत इस्पात संयंत्रों तथा सेलम स्थित विशेष इस्पात संयंत्र (तमिलनाडु) के आधुनिकीकरण और विस्तार का कार्य प्रारंभ किया है। राउरकेला, बर्नपुर, दुर्गापुर, बोकारो और सेलम इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण और विस्तार का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, भिलाई इस्पात संयंत्र में नई कोक ओवन बैटरी संख्या 11, सिंटर संयंत्र-3 में दूसरी सिंटर मशीन, न्यू ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ) संख्या 8, नई इस्पात गलनशाला III (दो कन्वर्टर्स और तीन कास्टर्स),

यूनिवर्सल रेल मिल तथा रेल वेल्डिंग लाइन्स, बार एवं रॉड मिल जैसी सभी प्रमुख सुविधाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

गत तीन वित्त वर्षों और इस वर्ष नवंबर, 2018 तक सेल में क्रूड इस्पात का उत्पादन निम्नानुसार है:-

क्रूड इस्पात उत्पादन (हजार टन में)			
2015-16	**2016-17**	**2017-18**	**अप्रैल-नवंबर, 2018**
14280	14496	15019	10465

आधुनिकीकरण और विस्तार के उपरांत उत्पादन क्षमता में वृद्धि का संयंत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

संयंत्र	**आधुनिकीकरण और विस्तार से पूर्व क्रूड इस्पात क्षमता (एमटीपीए)**	**आधुनिकीकरण और विस्तार के बाद क्रूड इस्पात क्षमता (एमटीपीए)**
भिलाई इस्पात संयंत्र	3.93	7.0
राउरकेला इस्पात संयंत्र	1.9	4.2
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	1.8	2.2
बोकारो इस्पात संयंत्र	4.36	4.61
इस्को इस्पात संयंत्र	0.5	2.5
सेलम इस्पात संयंत्र	-	0.18
अलॉय इस्पात संयंत्र	0.23	0.5
विश्वेश्वरैया लोहा और इस्पात संयंत्र	0.12	0.2
संयंत्र कुल:	12.84	21.39

****